INFUSION NOTES

WHEN ONLY THE BEST WILL DO

# राजस्थान

# पशु परिचर

## (Animal Attendant)

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

भाग – 1

**राजस्थान का सामान्य ज्ञान (GK) + विविध**

## प्रस्तावना

प्रिय पाठकों, प्रस्तुत नोट्स **"राजस्थान पशु परिचर (Animal Attendant)"** को एक विभिन्न अपने - अपने विषयों में निपुण अध्यापकों एवं सहकर्मियों की टीम के द्वारा तैयार किया गया है। ये नोट्स पाठकों को **राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड (RSMSSB)** द्वारा आयोजित करायी जाने वाली परीक्षा **"राजस्थान पशु परिचर (Animal Attendant)" परीक्षा** में पूर्ण संभव मदद करेंगे।

**अंततः सतर्क प्रयासों के बावजूद नोट्स मे कुछ कमियों तथा त्रुटियों के रहने की संभावना हो सकती हैं। अतः आप सूची पाठकों का सुझाव सादर आमंत्रित हैं।**


**प्रकाशकः**

**INFUSION NOTES**

जयपुर, 302029 (RAJASTHAN)

मो : 9887809083

ईमेल : contact@infusionnotes.com

वेबसाइट : https://www.infusionnotes.com



**WhatsApp करें - https://wa.link/m8y06r**

**Online Order करें - https://shorturl.at/fpKN5**


| मूल्य : (₹) | संस्करण : नवीनतम |
|---|---|

| राजस्थान का इतिहास | | |
|---|---|---|
| क्र. सं. | अध्याय | पेज नंबर |
| 1. | प्रागैतिहासिक स्थल (सभ्यताएं) | 1 |
| 2. | ऐतिहासिक केंद्र | 9 |
| 3. | प्रमुख राजवंशों के महत्वपूर्ण शासकों की राजनीतिक एवं सांस्कृतिक उपलब्धियां | 10 |
| 4. | स्वतंत्रता आंदोलन (1857 का स्वतंत्रता संग्राम ) | 69 |
| 5. | राजस्थान का एकीकरण | 77 |
| 6. | राजस्थान में किसान एवं जनजाति आंदोलन | 82 |
| राजस्थान की कला संस्कृति | | |
| 1. | वास्तुकला की मुख्य विशेषताएँ –<br>❖ किले और स्मारक (छतरियाँ)<br>❖ राजस्थान की प्रमुख हवेलियाँ<br>❖ प्रमुख महल | 103 |
| 2. | चित्रकला | 121 |
| 3. | हस्त कला / हस्तशिल्प | 123 |
| 4. | राजस्थान की भाषा व राजस्थान की बोलियाँ | 132 |

| | | |
|---|---|---|
| 5. | वेशभूषा एवं आभूषण | 135 |
| 6. | मेले एवं त्यौहार | 137 |
| 7. | राजस्थान के लोकसंगीत (लोकगीत) | 148 |
| 8. | राजस्थान के प्रमुख लोक नृत्य एवं लोक नाट्य | 156 |
| 9. | राजस्थान के धार्मिक आंदोलन प्रमुख संत सम्प्रदाय | 170 |
| 10. | राजस्थान के लोक देवता एंव लोक देवियाँ | 178 |
| 11. | राजस्थान के प्रमुख व्यक्तित्व | 187 |


## राजस्थान की राज्यव्यवस्था


| | | |
|---|---|---|
| 1. | राज्यपाल | 190 |
| 2. | मुख्यमंत्री और मंत्रिपरिषद् | 197 |
| 3. | राजस्थान विधानसभा | 205 |
| 4. | उच्च न्यायालय | 214 |
| 5. | स्थानीय स्वशासन एवं पंचायती राज संस्था | 221 |
| 6. | राजस्थान लोक सेवा आयोग | 231 |
| 7. | राज्य मानवाधिकार आयोग | 234 |
| 8. | लोकायुक्त | 236 |

| | | |
|---|---|---|
| 9. | राज्य निर्वाचन आयोग | 238 |
| 10. | राज्य सूचना आयोग | 240 |
| | **<u>राजस्थान का भूगोल</u>** | |
| 1. | सामान्य परिचय | 242 |
| 2. | प्रमुख भू – आकृतिक प्रदेश एवं उनकी विशेषताएं | 258 |
| 3. | जलवायु की विशेषताएं | 270 |
| 4. | प्रमुख नदियाँ एवं झीलें | 278 |
| 5. | प्राकृतिक वनस्पति | 298 |
| 6. | मृदा | 306 |
| 7. | प्रमुख फसलें | 308 |
| 8. | राजस्थान में पशुपालन | 314 |
| 9. | प्रमुख सिंचाई परियोजनाएँ एवं जल संरक्षण तकनीकें | 321 |

# राजस्थान का इतिहास

## अध्याय – 1
## प्रागैतिहासिक स्थल (सभ्यताएं)

### पाषाणकालीन सभ्यता

### 1. बागौर (भीलवाड़ा)

प्रिय छात्रों किसी भी सभ्यता का विकास किसी नदी के किनारे होता है क्योंकि जल ही जीवन है जल की आवश्यकता खेती के लिए और अन्य उपयोगों के लिए की पड़ती है।

- इसी प्रकार भीलवाड़ा जिले की माण्डल तहसील में कोठारी नदी के तट पर स्थित इस पुरातात्विक स्थल का उत्खनन 1967-68 से 1969-70 की अवधि में राजस्थान राज्य पुरातत्व विभाग एवं दक्कन कॉलेज, पुणे के तत्त्वावधान में श्री वी.एन. मिश्र एवं डॉ. एल.एस. लेशनि के नेतृत्व में हुआ है।
- यहाँ से मध्य पाषाणकालीन (Mesolithic) लघु पाषाण उपकरण व वस्तुएँ (Microliths) प्राप्त हुई हैं।
- बागौर के उत्खनन में प्राप्त प्रस्तर उपकरण काल विभाजन के क्रम से तीन चरणों में विभाजित किये गये हैं। प्रथम चरण 3000 वर्ष ईसा पूर्व से लेकर 2000 वर्ष ईसा पूर्व तक, द्वितीय चरण 2000 वर्ष ईसा पूर्व से 500 वर्ष ईसा पूर्व का एवं तृतीय चरण 500 वर्ष ईसा पूर्व से लेकर प्रथम ईस्वी सदी तक की मानव सभ्यता की कहानी कहता है।
- इन पाषाण उपकरणों को **स्फटिक** (Quartz) एवं चर्ट पत्थरों से बनाया जाता था। इनमें मुख्यतः पृथुक (Flake), फलक (Blade) एवं अपखण्ड (Chip) बनाये जाते थे। ये उपकरण आकार में बहुत छोटे (लघु अश्म उपकरण-Microliths) थे।
- बागौर में उत्खनन में पाषाण उपकरणों के साथ-साथ एक मानव कंकाल भी प्राप्त हुआ है।
- यहाँ पाये गये लघु पाषाणा उपकरणों में ब्लेड, छिद्रक, स्क्रेपर, बेधक एवं चांद्रिक आदि प्रमुख हैं।
- ये पाषाण उपकरण चर्ट, जैस्पर, चाल्डेसनी, एगेट, क्वार्टजाइट, फ्लिंट जैसे कीमती पत्थरों से बनाये जाते थे। ये आकार में बहुत छोटे आधे से पौने इंच के औजार थे ये छोटे उपकरण संभवतः किसी लकड़ी या हड्डी के बड़े टुकड़ों पर आगे लगा दिये जाते थे।
- इन्हें मछली पकड़ने, जंगली जानवरों का शिकार करने, छीलने, छेद करने आदि कार्यों में प्रयुक्त किया जाता था। इन उपकरणों से यहाँ के लोगों का मुख्य व्यवसाय आखेट करना एवं कंद-मूल फल एकत्रित करने की स्थिति पर प्रकाश पड़ता है।
- यहाँ के प्रारंभिक स्तरों पर घर या फर्श के अवशेष नहीं मिलना साबित करता है कि यहाँ का मानव घुमक्कड़ जीवन जीता होगा।
- बागौर में द्वितीय चरण के उत्खनन में केवल 5 ताम्र उपकरण मिले हैं, जिसमें एक सूई (10.5 सेमी लम्बी), एक कुन्ताग्र (Spearhead), एक त्रिभुजाकार शस्त्र, जिसमें दो छेद हैं, प्रमुख हैं।
- इस चरण के उत्खनन में मकानों के अवशेष भी मिले हैं जिससे पुष्टि होती है कि इस समय मनुष्य ने एक स्थान पर स्थायी जीवन जीना प्रारम्भ कर दिया था।
- इस काल की प्राप्त हड्डियों में गाय, बैल, मृग, चीतल, बारहसिंघा, सूअर, गीदड़, कछुआ आदि के अवशेष मिले हैं।
- कुछ जली हुई हड्डियाँ व मांस के भुने जाने के प्रमाण मिलने से अनुमान है कि इस काल का मानव मांसाहारी भी था तथा कृषि करना सीख चुका था।
- उत्खनन के तृतीय चरण में हड्डियों के अवशेष बहुत कम होना स्पष्ट करता है कि इस काल (500 ई. पूर्व से ईसा की प्रथम सदी) में मानव संस्कृति में कृषि की प्रधानता हो गई थी।
- **बागौर उत्खनन** में कुल **5 कंकाल** प्राप्त हुए हैं, जिनसे स्पष्ट होता है कि शव को दक्षिण पूर्व-उत्तर पश्चिम में लिटाया जाता था तथा उसकी टांगे मोड़ दी जाती थी।
- सभ्यता के तृतीय चरण में शव को उत्तर-दक्षिण में लिटाने एवं टांगे सीधी रखने के प्रमाण मिले हैं।
- शव को मोती के हार, ताँबे की लटकन, मृद्भाण्ड, मांस आदि सहित दफनाया जाता था। खाद्य पदार्थ व पानी हाथ के पास रखे जाते थे तथा अन्य वस्तुएँ आगे-पीछे रखी जाती थी।
- तृतीय चरण के एक कंकाल पर ईंटों की दीवार भी मिली है, जो समाधि बनाने की द्योतक है। मिट्टी के बर्तन यहाँ के द्वितीय चरण एवं तृतीय चरण के उत्खनन में मिले हैं।
- द्वितीय चरण के मृद्भाण्ड मटमैले रंग के, कुछ मोटे व जल्दी टूटने वाले थे। इनमें शरावतनें, तश्तरियाँ, कटोरे, लोटे, थालियाँ, तंग मुँह के घड़े व बोतलें आदि मिली हैं। (ये मृद्भाण्ड रेखा वाले तो थे परन्तु इन पर अलंकरणों का अभाव था।
- ऊपर से लाल रंग लगा हुआ है। ये सभी हाथ से बने हुए हैं) (तृतीय चरण के मृद्भाण्ड पतले एवं टिकाऊ हैं तथा चाक से बने हुए हैं। इन पर रेखाओं के अवशेष मिले हैं, परन्तु अलंकरण बहुत कम मिले हैं।
- (आभूषण: बागौर सभ्यता में मोतियों के आभूषण तीनों स्तरों के उत्खनन में प्राप्त हुए हैं। हार तथा कान की लटकनों में मोती बहुतायत से प्रयुक्त किये जाते थे।
- ये मोती एगेट, इन्द्रगोप व काँच के बने होते थे। मकान : बागौर में मकानों के अवशेष द्वितीय एवं तृतीय चरण में प्राप्त हुए हैं। हार तथा कान की लटकनों में मोती बहुतायत

से प्रयुक्त किये जाते थे। ये मोती एगेट, इन्द्रगोप व काँच के बने होते थे।)

- **मकान : बागौर में मकानों के अवशेष द्वितीय एवं तृतीय चरण** में प्राप्त हुए हैं। मकान पत्थर के बने हैं। फर्श में भी पत्थरों को समतल कर जमाया जाता था।
- बागौर में मध्यपाषाणकालीन पुरावशेषों के अलावा लौह युग के उपकरण भी प्राप्त हुए हैं। इस सभ्यता के प्रारंभिक निवासी आखेट कर अपना जीवन यापन करते थे। परवर्ती काल में वे पशुपालन करना सीख गये थे। बाद में उन्होंने कृषि कार्य भी सीख लिया था।

**2. कालीबंगा की सभ्यता -**

कालीबंगा की सभ्यता एक नदी के किनारे बसी हुई थी। नदी का नाम है – **सरस्वती नदी** । इसे **द्रेषनदी, मृतनदी, नटनदी** के नाम से भी जानते हैं।
यह सभ्यता हनुमानगढ़ जिले में विकसित हुई थी हनुमानगढ़ जिले में एक अन्य सभ्यता जिसे **पीलीबंगा** की सभ्यता कहते हैं विकसित हुई।

**इस सभ्यता की खोज -**

- इस सभ्यता की सबसे पहले जानकारी देने वाले एक पुरातत्ववेत्ता एवं भाषा शास्त्री एल.पी. टेस्सिटोरीथे। इन्होंने ही इस सभ्यता के बारे में सबसे पहले परिचय दिया लेकिन इस सभ्यता की तरफ किसी का पूर्णरूप से ध्यान नहीं था इसलिए इसकी खोज नहीं हो पाई।
- इस सभ्यता के खोजकर्ता **अमलानंद घोष** है। इन्होंने 1952 में सबसे पहले इस सभ्यता की खोज की थी।
- इनके बाद में इस सभ्यता की खोज दो अन्य व्यक्तियों के द्वारा भी की गई थी जो 1961 से 1969 तक चली थी।

1. **बृजवासीलाल (बी.बी. लाल)**
2. **बीके (बालकृष्ण) थापर**

इन्हीं दोनों ने इस सभ्यता की विस्तृत रूप से खोज की थी

**एल.पी. टेस्सिटोरी के बारे में –**

- ये इटली के के निवासी थे। इनका जन्म सन् 1887 में हुआ। और यह अप्रैल 1914 ईस्वी में भारत मुंबई आए। जुलाई 1914 में यह जयपुर (राजस्थान) आये। बीकानेर राज्य इनकी कर्म स्थली रहा है।
- उस समय के तत्कालीन राजा महाराजागंगा सिंह जी ने इन्हें अपने राज्य के सभी प्रकार के चारण साहित्य लिखने की जिम्मेदारी दी।
- बीकानेर संग्रहालय भी इन्होंने ही बनवाया है ये एक भाषा शास्त्री एवं पुरातत्ववेत्ता थे उन्होंने राजस्थानी भाषा के दो प्रकार बताए थे।
  1. पूर्वी राजस्थानी 2. पश्चिमी राजस्थानी
- इस सभ्यता का कालक्रम **कार्बन डेटिंग पद्धति** के अनुसार 2350 ईसा पूर्व से 1750 ईसा पूर्व माना जाता है।
- कालीबंगा शब्द "सिंधीभाषा" का एक शब्द है जिसका शाब्दिक अर्थ होता है – **"काले रंग की चूड़िया"**। इस स्थल से काले रंग की चूड़ियों के बहुत सारी ढेर प्राप्त हुए इसलिए इस सभ्यता को कालीबंगा सभ्यता नाम दिया गया।
- कालीबंगा की सभ्यता भारत की ऐसी पहली सभ्यता स्थल है जो **स्वतंत्रता के बाद खोजी** गई थी। यह एक **कांस्य युगीन सभ्यता** है।
- हनुमानगढ़ जिले से इस सभ्यता से संबंधित जो भी वस्तुएं प्राप्त हुई है उनको सुरक्षित रखने के लिए राजस्थान सरकार के द्वारा **1985-86 में कालीबंगा संग्रहालय** की स्थापना की गई थी। यह संग्रहालय **हनुमानगढ़** जिले में स्थित है।

**इस सभ्यता की विशेषताएँ –**

- इस सभ्यता की सड़कें एक दूसरे को **समकोण** पर काटती थी। इसलिए यहाँ पर मकान बनाने की पद्धति को **"ऑक्सफोर्ड पद्धति"** कहते हैं। इसी पद्धति को **'जाल पद्धति, ग्रीक, चेम्सफोर्ड पद्धति'** के नाम से भी जानते हैं।
- मकान कच्ची एवं पक्की ईंट के बने हुए थे, आरम्भ में यें कच्ची ईंटें थीं इसलिए इस सभ्यता को दीन हीन सभ्यता भी कहते हैं। इन ईंटों का आकार 30×15×7.5 है।
- इन मकानों की खिड़की एवं दरवाजे पीछे की ओर होते थे।
- यहाँ पर जो नालियां बनी हुई थी वह लकड़ी (काष्ठ) की बनी होती थी। आगे चलकर इन्हीं नालियों का निर्माण पक्की ईंटों से होता था।
  (विश्व में एकमात्र ऐसा स्थान जहां लकड़ियों की बनी नालियाँ मिली है वह कालीबंगा स्थल है) **(परीक्षा की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण)**
- विश्व की प्राचीनतम **जुते हुए खेत** के प्रमाण इसी सभ्यता से मिले हैं।
- यहाँ पर मिले हुए मकानों के अंदर की दीवारों में दरारें मिलती हैं इसलिए माना जाता है कि विश्व में प्राचीनतम भूकंप के प्रमाण यहीं से प्राप्त होते हैं।
- यहाँ के लोग एक साथ में **दो फसलें** करते थे अर्थात् फसलों के होने के प्रमाण भी यहीं से मिलते हैं **जौ और गेहूं।**
- यहाँ पर उत्खनन के दौरान **यज्ञकुंड / अग्नि वेदिकाएं** प्राप्त हुए हैं यहाँ के लोग **बलिप्रथा** में भी विश्वास रखते थे।
- इस सभ्यता का पालतू जीव **कुत्ता** था। इस सभ्यता के लोग **ऊँट** से भी परिचित थे इसके अलावा **गाय, भैंस, बकरी, घोड़ा से** भी परिचित थे।
- विश्व में प्राचीनतम् नगर के प्रमाण यहीं पर मिले हैं इसलिए इसे **नगरीय सभ्यता** भी कहते हैं यहाँ पर मूर्तिपूजा, देवी / देवता के पूजन, चित्रांकन या मूर्ति का कोई प्रमाण नहीं मिला है।

- यहाँ से **ब्राह्मी लिपि** में नाम अंकित **दो कांसे** की सीलें भी प्राप्त हुई है ।
- यहाँ से उत्खनन में **डॉ. हन्नारिड** को प्राप्त मिट्टी का **कटोरा स्वीडन के लूण्ड** संग्रहालय में सुरक्षित है।
- यहाँ के निवासी मुख्य रूप से **चावल की खेती** करते थे।
- यहाँ के मकानों का निर्माण **ईंटों से** होता था ।
- यहाँ से प्राप्त **मृद्‌भाण्ड मुख्यत : लाल या गुलाबी रंग** के थे ।
- यहाँ से गांधार शैली की मृण मूर्तियाँ, टोंटीदार घड़े, घण्टाकार मृदपात्र एवं **कनिष्क कालीन मुद्राएँ** प्राप्त हुई हैं ।
- रंग महल से ही गुरु-शिष्य की मिट्टी की मूर्ति प्राप्त हुई है ।
- इसे **कुषाण कालीन सभ्यता** के समान माना जाता है । **(परीक्षा के दृष्टि से महत्त्वपूर्ण )**
- रंगमहल में बसने वाली बस्तियों के तीन बार बसने एवं उजड़ने के प्रमाण मिले हैं ।

**8. ओझियाना (भीलवाड़ा) :**

- **भीलवाड़ा के बदनोर** के पास **खारी नदी** के तट पर स्थित यह स्थल ताम्र युगीन **आहड़ संस्कृति** से संबंधित है ।
- इस स्थल का उत्खनन **बी. आर. मीणा** तथा **आलोक त्रिपाणी** द्वारा वर्ष 1999-2000 में किया गया ।
- यह पुरातात्विक स्थल पहाड़ी पर स्थित था जबकि **आहड़ संस्कृति** से जुड़े अन्य स्थल नदी घाटियों में पनपे थे ।
- यहाँ से वृषभ तथा गाय की मृण्मय मूतियां प्राप्त हुई हैं जिन पर **सफेद रंग** से चित्रण किया हुआ है ।

**9. नगरी (चित्तौड़गढ) :**

- नगरी नामक पुरातात्विक स्थल चित्तौड़गढ़ में बेड़च नदी के तट पर स्थित है, जिसका **प्राचीन नाम माध्यमिका** मिलता है ।
- यहाँ पर सर्वप्रथम **उत्खनन कार्य** वर्ष 1904 में **डॉ. डी. आर. भण्डारकर** द्वारा तथा तत्पश्चात् 1962-63 में केन्द्रीय पुरातत्व विभाग द्वारा करवाया गया ।
- यहाँ से **शिवि जनपद** के सिक्के तथा **गुप्त कालीन कला के अवशेष** प्राप्त हुए हैं ।
- प्राचीन नाम 'माध्यमिका' **पतंजलि के महाभाष्य** में मिलता है ।
- यहाँ से ही घोसूण्डी अभिलेख (द्वितीय शताब्दी ईसा पूर्व) प्राप्त हुआ है ।
- नगरी **शिवि जनपद की राजधानी** रही है ।
- यहाँ पर 'कुषाण कालीन स्तर' में नगर की सुरक्षा हेतु निर्मित मजबूत दीवार बनाये जाने के अवशेष प्राप्त हुए हैं ।
- नगरी की खोज **1872 ई. में कार्लाइल** द्वारा की गई ।
- यहाँ से चार **चक्राकार कुएँ** भी प्राप्त हुए हैं ।

**10. सुनारी (झुंझुनू) :**

- **'सुनारी'** नामक पुरातात्विक स्थल झुंझुनू की खेतड़ी तहसील में काँतली नदी के किनारे स्थित है ।
- यहाँ पर उत्खनन कार्य 1980-81 में राजस्थान राज्य पुरातत्व विभाग द्वारा करवाया गया ।
- यहाँ से **लौहा गलाने की प्राचीनतम भट्टियाँ प्राप्त** हुई है ।
- यहाँ से **सलेटी रंग के मृद्‌भाण्ड** संस्कृति के अवशेष प्राप्त हुए हैं ।
- सुनारी से **मातृ देवी की मृण मूर्तियाँ** तथा धान संग्रहण का कोठा प्राप्त हुआ है ।
- सुनारी से मौर्य कालीन सभ्यता के अवशेष मिले हैं जिनमें **काली पॉलिश युक्त मृद** पात्र हैं।
- जोधपुरा, नोह तथा सुनारी से शुंग तथा कुषाण कालीन अवशेष भी प्राप्त हुए हैं ।
- सुनारी के निवासी भोजन में **चावल का प्रयोग** करते थे तथा **घोड़ों से रथ खींचते** थे ।
- सुनारी से लौहे के तीर, भाले के अग्रभाग, लौहे का कटोरा तथा कृष्ण परिमार्जित मृदपात्र भी मिले हैं ।

**11. जोधपुरा (जयपुर) :**

- जोधपुरा नामक **पुरातात्विक स्थल जयपुर** जिले की **कोटपुतली तहसील में साबी नदी** के किनारे स्थित है ।
- यह एक **लौह युगीन प्राचीन सभ्यता** स्थल है ।
- यहाँ पर उत्खनन कार्य 1972-73 में **आर.सी. अग्रवाल** तथा **विजय कुमार** के निर्देशन में सम्पन्न हुआ ।
- यह **सलेटी रंग की चित्रित मृद्‌भाण्ड** संस्कृति का महत्त्वपूर्ण स्थल था ।
- जोधपुरा से लौह अयस्क से लौह धातु का निष्कर्षण करने वाली भट्टियाँ भी प्राप्त हुई हैं ।
- इस सभ्यता में मानव ने घोड़े का उपयोग रथ के खींचने में करना प्रारम्भ कर दिया था ।
- जोधपुरा में मकान की छतों पर **टाईल्स** का प्रयोग एवं **छप्पर छाने** का रिवाज था ।
- यह सभ्यता 2500 ईसा पूर्व से 200 ई. के मध्य फली-फूली थी ।
- यहाँ **शुंग एवं कुषाण कालीन सभ्यता** स्थल है ।
- **जोधपुरा एवं सुनारी (झुंझुनू)** से मौर्य कालीन सभ्यता के अवशेष भी प्राप्त हुए हैं ।

**12. तिलवाड़ा (बाड़मेर) :**

- तिलवाड़ा **बाड़मेर जिले में लूणी नदी** के किनारे स्थित पुरातात्विक स्थल है ।
- यहाँ पर उत्खनन कार्य 1967-68 में राजस्थान राज्य पुरातत्व विभाग द्वारा करवाया गया।
- यहाँ पर उत्खनन का कार्य डॉ. वी. एन. मिश्र के नेतृत्व में किया गया।

- यह एक ताम्र पाषाण कालीन स्थल है जहाँ से 500 ई. पू. से 200 ई. तक विकसित सभ्यताओं के अवशेष मिले हैं ।
- यहाँ से उत्तर पाषाण युग के भी अवशेष प्राप्त हुए हैं ।
- यहाँ एक अग्निकुण्ड मिला है । जिसमें मानव अस्थिभस्म तथा मृत पशुओं के अवशेष मिले हैं ।
- प्राचीन काल में यह स्थान **खेड़गढ़** के नाम से जाना जाता था ।
- तिलवाड़ा में हर वर्ष मल्लिनाथ पशु मेले का आयोजन होता है ।

**13. रैढ़ (टोंक) :**

- **रैढ़ टोंक जिले** की निवाई तहसील में ढील नदी के किनारे स्थित पुरातात्विक स्थल है ।
- यह एक **लौह युगीन सभ्यता** है ।
- यहाँ पर उत्खनन कार्य 1938-39 में दयाराम साहनी के नेतृत्व में तथा अंतिम रूप में उत्खनन कार्य डॉ. केदारनाथ पूरी के द्वारा करवाया गया ।
- रैढ़ के उत्खनन से बड़ी मात्रा में मिलने वाले लौह उपकरणों तथा मुद्राओं के कारण इसे **प्राचीन भारत का टाटा नगर** कहा जाता है ।
- यह एक धातु केंद्र था जहाँ पर औद्योगिक कार्य एवं निर्यात हेतु उपकरण एवं औजार बनाए जाते थे।
- रैढ़ में उत्खनन से 3075 आहत मुद्राएँ तथा 300 मालव जनपद के सिक्के प्राप्त हुए हैं । **(परीक्षा के दृष्टि से महत्त्वपूर्ण)**
- यहाँ से यूनानी शासक **अपोलोडोटस** का एक खण्डित सिक्का भी प्राप्त हुआ है ।
- रैढ़ के मृदभाण्डों में गोल **"रिंग वेल्स"** एक दूसरे पर लगा दिए जाते थे ।
- रैढ़ में पकाई गई मातृ देवी व शक्ति के विभिन्न रूपों की मूर्तियां प्राप्त हुई हैं ।
- यहाँ से कर्ण फूल, गले का हार, चूड़ियां, पायजेब आदि आभूषणों के प्रमाण प्राप्त हुए हैं ।
- यहाँ से आलीशान इमारतों के अवशेष भी प्राप्त हुए हैं ।
- रैढ़ से मृतिका से बनी यक्षिणी की प्रतिमा प्राप्त हुई है जो संभवतः **शुंग काल** की मानी जाती है ।
- यहाँ से मालव जनपद के 14 सिक्के, 6 सेनापति सिक्के एवं 7 वपू के सिक्के प्राप्त हुए हैं ।
- रैढ़ से **एशिया का अब तक का सबसे बड़ा सिक्कों का भण्डार मिला** है ।
- रैढ़ से जस्ते को साफ करने के प्रमाण मिले हैं ।
- रैढ़ के निवासी मोटा एवं बारीक कपड़ा बनाने में सिद्धहस्त थे ।

**14. नगर (टोंक) :**

- नगर उणियारा कस्बे के पास स्थित है। इसे **कर्कोट नगर** भी कहा जाता है ।
- इसका प्राचीन नाम 'मालवनगर' था।
- यहाँ पर उत्खनन कार्य 1942-43 में श्री **कृष्ण देव** द्वारा किया गया ।
- यहाँ से बड़ी संख्या में मालव सिक्के तथा आहत मुद्राएँ प्राप्त हुई है । इस नगर में उत्खनन से गुप्तोत्तर काल की **स्लेटी पत्थर** से **निर्मित महिषासुर मर्दिनी** की मृण्मूर्ति प्राप्त हुई है ।
- इसके अतिरिक्त यहाँ से मोदक रूप में गणेश का अंकन, फणधारी नाग का अंकन, कमल धारण की एक लक्ष्मी की खड़ी प्रतिमा प्राप्त हुई है ।
- वर्तमान में नगर सभ्यता को **'खेड़ा सभ्यता'** के नाम से जाना जाता है । नगर के उत्खनन से **6000** मालव सिक्के मिले हैं ।

**15. भीनमाल (जालौर) :**

- यहाँ पर उत्खनन कार्य **1953-54 में रतनचंद्र अग्रवाल** के निर्देशन में किया गया ।
- यहाँ के मृदपात्रों पर विदेशी प्रभाव दिखाई देता है ।
- यहाँ की खुदाई से मृदभाण्ड तथा शकक्षत्रपों के सिक्के प्राप्त हुए हैं ।
- भीनमाल से यूनानी दुहत्थी सुराही भी प्राप्त हुई है।
- यहाँ से रोमन एम्फोरा (सुरापात्र) भी मिला है ।
- यहाँ से ईसा की प्रथम शताब्दी एवं गुप्तकालीन अवशेष प्राप्त हुए हैं ।
- संस्कृत विद्वान **महाकवि माघ** एवं गुप्तकालीन विद्वान ब्रह्मगुप्त का जन्म स्थान भीनमाल ही माना जाता है ।
- चीनी यात्री **ह्वेनसांग ने भी भीनमाल** की यात्रा की ।

- इनके समय क्रांतिकारियों ने धौलपुर दुर्ग पर अधिकार कर इसे लूटा था।
- वर्ष 1930 में प्रथम गोलमेज सम्मेलन में उदयभान सिंह ने हिस्सा लिया था।

## राठौड़ वंश एवं मारवाड़ वंश

इस अध्याय में हम राठौड़ वंश का अध्ययन करेंगे पहले हम राठौड़ वंश कि सभी शाखाओं का संक्षिप्त अध्ययन करेंगे । उसके पश्चात् मारवाड़ के राठौड़ वंश का अध्ययन करेंगे ।

**राठौड़ वंश की शाखाएँ –**

धांधल, भडेल, धूहड़िया, हटडिया, मालावत, गोगादेव, महेचा, राठौड़, बीका, मेडतिया, बीदावत, बाल चांपावत, कांधलोत, उदावत, देवराजोत, गहड़वाल, करमसोत, कुम्पावत, मंडलावत, नरावत आदि ।

## मारवाड़ का इतिहास

**राठौड़ वंश**

राजस्थान के उत्तर-पश्चिम भाग में जिस राजपूत वंश का शासन हुआ उसे राठौड़ वंश कहा गया है । उसे मारवाड़ के नाम से जाना जाता है । मारवाड़ में पहले गुर्जर प्रतिहार वंश का राजा था । प्रतिहार यहाँ से कन्नौज (उत्तरप्रदेश) चले गये । फिर राठौड़ वंश की स्थापना इस भाग में हुई, तथा मारवाड़ की संकटकालीन राजधानी 'शिवाना दुर्ग ' को कहा जाता था ।

| शाखा | स्थापना | संस्थापक |
|---|---|---|
| 1- मारवाड़ (जोधपुर) | 1240 ई. | राव सीहा |
| 2. बीकानेर | 1465 ई. | राव बीका |
| किशनगढ़ | 1609 ई.- | किशनसिंह |

हम इस अध्याय में मारवाड़ के राठौड़ वंश का विस्तृत अध्ययन करेंगे ।

**उत्पत्ति**

- राठौड़ शब्द की उत्पत्ति राष्ट्रकूट शब्द से मानी जाती है ।
- पृथ्वीराजरासो, नैणसी, दयालदास और कर्नल टॉड राठौड़ों को कन्नौज के जयचन्द गहड़वाल का वंशज मानते हैं । ।
- "राठौड़ वंश महाकाव्य में राठौड़ों की उत्पत्ति शिव के शीश पर स्थित चन्द्रमा से बताई है ।
- डॉ. हार्नली ने सर्वप्रथम राठौड़ों को गहड़वालों से भिन्न माना है । इस मत का समर्थन डा. ओझा ने किया है ।
- डॉ. ओझा ने मारवाड़ के राठौड़ों को बदायूँ के राठौड़ों का वंशज माना है ।

**मारवाड़ (जोधपुर) के राठौड़ संस्थापक – राव सीहा (1240 – 1273)**

- राव सीहा जी राजस्थान में स्वतंत्र राठौड़ राज्य के संस्थापक थे । राव सीहा जी के वीर वंशज अपने शौर्य, वीरता एवं पराक्रम व तलवार के धनी रहे हैं । मारवाड़ में राव सीहा जी द्वारा राठौड़ साम्राज्य का विस्तार करने में उनके वंशजो में राव धुहड़ जी, राजपाल जी, जालन सिंह जी, राव छाड़ा जी, राव तीड़ा जी, खीम करण जी, राव वीरम दे, राव चूँड़ा जी, राव रिड़मल जी, राव जोधा, राव बीका, बीदा, दूदा, कानध्ल, मालदेव का विशेष क्रमबद्ध योगदान रहा है। इनके वंशजों में दुर्गादास व अमर सिंह जैसे इतिहास प्रसिद्ध व्यक्ति हुए । राव सिहा सेतराम जी के आठ पुत्रों में सबसे बड़े थे।

**चेतराम सम्राट के, पुत्र अस्ट महावीर !**
**जिसमें सिहों जेस्ठ सूत, महारथी रणधीर ।**

- राव सीहा जी सं. 1268 के लगभग पुष्कर की तीर्थ यात्रा के समय मारवाड़ आये थे उस मारवाड़ की जनता मीणों, मेरों आदि की लूटपाट से पीड़ित थी, राव सिहा के आगमन की सूचना पर पाली नगर के पालीवाल ब्राह्मण अपने मुखिया जसोधर के साथ सीहा जी मिलकर पाली नगर को लूटपाट व अत्याचारों से मुक्त करने की प्रार्थना की । अपनी तीर्थ यात्रा से लौटने के बाद राव सीहा जी ने भाइयों व फलौदी के जगमाल की सहायता से पाली में हो रहे अत्याचारों पर काबू पा लिया एवं वहां शांति व शासन व्यवस्था कायम की, जिससे पाली नगर की व्यापारिक उन्नति होने लगी।

**आठों में सीहा बड़ा, देव गरुड़ है साथ ।**
**बनकर छोडिया कन्नोज में, पाली मारा हाथ ।**
**पाली के अलावा भीनमाल के शासक के अत्याचारों की जनता की शिकायत पर जनता को अत्याचारों से मुक्त कराया ।**
**भीनमाल लिधी भडे,सिहे साल बजाय।**
**दत दीन्हो सत सग्रहियो, ओजस कठे न जाय।**

- पाली व भीनमाल में राठौड़ राज्य स्थापित करने के बाद सीहा जी ने खेड़ पर आक्रमण कर विजय कर लिया।
- इसी दौरान शाही सेना ने अचानक पाली पर हमला कर लूटपाट शुरू करदी, हमले की सूचना मिलते ही सीहा जी पाली से 18 किलोमीटर दूर बिठू गावं में शाही सेना के खिलाफ आ डटे, और मुस्लिम सेना को खधेड़ दिया । वि. सं. 1330 कार्तिक कृष्ण द्वादशीं सोमवार को करीब 80 वर्ष की उम्र में सीहा जी का स्वर्गवास हुआ व उनकी सोलंकी रानी पार्वती इनके साथ सती हुई ।
- सीहा जी की रानी (पाटन के शासक जय सिंह सोलंकी की पुत्री) से बड़े पुत्र आसनाथ जी हुए जो पिता के बाद मारवाड़

के शासक बने। राव सिहं जी राजस्थान में राठौड़ राज्य की नींव डालने वाले पहले व्यक्ति थे।

**आसनाथ ( 1273 – 1291 ई.)**

- सीहा के बाद आसनाथ राठौड़ों का शासक बना। उसने गूँदोच को केन्द्र बनाया। 1291 ई. में सुल्तान जलालुद्दीन खिलजी के आक्रमण के समय पाली की रक्षा करते हुए आसनाथ 1291 ई. में वीरगति को प्राप्त हुआ।
- आसनाथ के पुत्र धूहड़ ने राठौड़ों की कुलदेवी चक्रेश्वरी नागणेचीद्ध की मूर्ति कर्नाटक से लाकर नगाणा गांव (बाड़मेर) मे स्थापित कराई।
- इनके छोटे भाई का नाम धांधलश् था। ये लोक देवता पाबू जी के पिता थे।

**राव चूँड़ा (1383 – 1423)**

- राव चूँड़ा विरमदेव का पुत्र था।
- राव चूँड़ा राठौड़ों का प्रथम महत्वपूर्ण शासक माना जाता है। अपने पिता की मृत्यु के समय चूँड़ा छः वर्ष का था। इसलिए उसकी माता ने उसे चाचा मल्लिनाथ के पास भेज दिया। मल्लिनाथ ने चूँड़ा को सालोड़ी गाँव जागीर में दी थी।
- उसने इन्दा शाखा के राजा की पुत्री किशोर कुंवरी (मण्डौर ए जोधपुर) से विवाह किया तथा दहेज में उसे मण्डौर दुर्ग मिला।
- चूँड़ा ने इन्दा परिहारों के साथ मिलकर मण्डौर को मालवा के सूबेदार से छीन लिया तथा मण्डौर को अपनी राजधानी बनाया।
- इस प्रकार इन्दा परिहारों को अपना सहयोगी बनाकर राव चूँड़ा ने मारवाड़ में सामन्त प्रथा की स्थापना की।
- उसने जलाल खाँ खोखर को पराजित कर नागौर पर अधिकार कर लिया था।
- परन्तु जैसलमेर के भाटियों और जांगल प्रदेश के सांखलाओं के नागौर पर आक्रमण के समय 1423 ई. में चूँड़ा मारा गया।
- राव चूँड़ा ने नागौर के पास चूण्डासर कस्बा बसाया।
- उसकी रानी चाँद कँवर ने जोधपुर की चाँद बावड़ी का निर्माण करवाया था।

**रावल मल्लिनाथ**

राजस्थान के प्रसिद्ध लोक देवता हैं इन्होंने अपनी राजधानी 'मेवानगर' (नाकोड़ा) बनायी। मल्लीनाथ के नाम पर ही मारवाड़ क्षेत्र को मालाणी कहते हैं।

- भाई 'वीरम' (मल्लीनाथ ने अपने बेटे जगमाल को राजा न बनाकर वीरम को राजा बना दिया।)

**कान्हा (1423 – 1427)**

चूँड़ा ने अपनी मोहिलाणी रानी के प्रभाव में आकर उसके पुत्र कान्हा को अपना उत्तराधिकारी बनाया जबकि रणमल, चूँड़ा का ज्येष्ठ पुत्र था।

- रणमल मेवाड़ के राणा लाखा की शरण में चला गया तथा अपनी बहन हंसाबाई का विवाह लाखा से कर दिया। राणा ने उसे धणला गाँव जागीर में दिया।
- 1427 ई. में रणमल ने राणा मोकल की सहायता से मण्डौर पर अधिकार कर लिया। इस समय कान्हा का उत्तराधिकारी सत्ता मण्डौर का शासक था।
- ऐसा कहा जाता है कि राव कान्हा की मृत्यु 'करणी माता के हाथों हुई थी।

**राव रणमल, - ( 1427 – 1438)**

राव रणमल, राव चूँड़ा का ज्येष्ठ पुत्र था जो उन्हें रानी चाँद कँवर से हुआ था।

- परन्तु जब उसे राजा नहीं बनाया गया तो वह नाराज होकर मेवाड़ के राणा लक्ष सिंह (लाखा) की शरण में चला गया।
- राणा लाखा ने रणमल को 'धणला' की जागीर प्रदान की।
- रणमल ने अपनी बहन हंसाबाई का विवाह राणा लाखा से कर दिया। परन्तु उसने एक शर्त रखी जिसके अनुसार हंसाबाई का पुत्र ही मेवाड़ का शासक बने।
- रणमल ने अपने समय में मारवाड़ और मेवाड़ रियासतों पर मजबूत नियंत्रण बना रखा था।
- रणमल ने अपने भाई तथा मारवाड़ के राजा 'कान्हा के साथ युद्ध किया तथा इस युद्ध में रणमल का साथ मेवाड़ के मोकल ने दिया। इस युद्ध में कान्हा मारा गया।
- मेवाड़ी सरदारों ने 1438 ई. में उसकी प्रेयसी भारमली की सहायता से चित्तौड़ में रणमल की हत्या कर दी। ऐसा कहा जाता है कि उसे उसकी प्रेयसी भारमली ने शराब में विष दिया था। इस तरह रणमल का अंत हुआ।

**राव जोधा (1438 – 1489)**

1. राव 'रणमल' को रानी 'कोडमद' से जो पुत्र हुआ वहीं राव जोधा था।
2. पिता रणमल की हत्या के बाद जोधा ने चित्तौड़ से भागकर बीकानेर के समीप काहुनी गाँव में शरण ली।
3. चूँड़ा के नेतृत्व में मेवाड़ की सेना ने राठौड़ों की राजधानी मण्डौर पर अधिकार कर लिया। 15 वर्ष बाद राव जोधा मण्डौर पर पुनः अधिकार कर पाया।
4. राव जोधा ने 1453 ई. में मण्डौर राज्य को अपने अधीन किया।
5. राव जोधा ने 13 मई 1459 ई. में जोधपुर नगर बसाया।
6. राव जोधा ने 1459 ई. में चिड़ियाटुक पहाड़ी पर मेहरानगढ़ दुर्ग का निर्माण कराया।
7. दुर्ग के निर्माण के राव जोधा ने अपनी राजधानी मण्डौर से जोधपुर स्थानातंरित की।
8. राव जोधा ने लगभग 50 वर्ष तक शासन किया।

## अध्याय - 4

### स्वतंत्रता आंदोलन (1857 का स्वतंत्रता संग्राम)

| क्र.सं. | संधिकर्त्ता राज्य | संधि के समय शासक | संधि की तिथि | अंग्रेज कम्पनी को दी जाने वाली खिराज राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | करौली | हरबक्षपालसिंह | 9 नवम्बर, 1817 | खिराज से मुक्त |
| 2. | टोंक | अमीर खाँ | 15 नवम्बर, 1817 | - |
| 3. | कोटा | उम्मेद सिंह | 26 दिसम्बर, 1817 | 2,44,700 रु. |
| 4. | जोधपुर | मानसिंह | 6 जनवरी, 1818 | 1,08,000 रु. |
| 5. | उदयपुर | भीमसिंह | 22 जनवरी, 1818 | राज्य की आय का 1/4 भाग |
| 6. | बूँदी | विसनसिंह | 10 फरवरी, 1818 | 80,000 रु. |
| 7. | बीकानेर | सूरतसिंह | 21 मार्च, 1818 | मराठों को खिराज नहीं देता था, इसलिए खिराज से मुक्त |
| 8. | किशनगढ़ | कल्याणसिंह | 7 अप्रैल , 1818 | खिराज से मुक्त |
| 9. | जयपुर | जगतसिंह | 15 अप्रैल , 1818 | संधि के प्रथम वर्ष कुछ नहीं, दूसरे वर्ष 4 लाख, चौथे वर्ष 6 लाख, पाँचवें वर्ष 7 लाख, छठें वर्ष 8 लाख फिर 8 लाख निश्चित। |
| 10. | जैसलमेर | मूलराज | 2 जनवरी, 1819 | मराठों को खिराज नहीं देता था, अतः खिराज से मुक्त। |

- सुनहरी कोठी की पहली मंजिल का निर्माण वजीउद्दौला खाँ ने करवाया ।
- इस कोठी की दूसरी मंजिल नवाब मोहम्मद इब्राहीम अली ने 1870 ई. में बनवाई।
- सुनहरी कोठी में बैठकर नवाब धार्मिक व राजनैतिक मामलों की चर्चा किया करते थे।

❖ **मुबारक महल - टोंक**

- यहाँ पर बकरा ईद के अवसर पर ऊँट की कुर्बानी दी जाती थी।
- यह महल ऊँट की कुर्बानी के लिए प्रसिद्ध है।
- इस महल में टोंक रियासत के पहले नवाब अमीरुद्दौला ने 1817 ई. में ऊँट की कुर्बानी शुरू की थी। (वर्तमान में यह बंद है)

❖ **मुबारक महल- जयपुर**

- जयपुर के मध्य जय निवास के पास मुबारक महल का निर्माण माधोसिंह द्वितीय के द्वारा 1900 ई. में करवाया गया।
- अतिथि सेवा के लिए इसका निर्माण किया गया था।
- मुबारक महल मुगल, राजपूत , यूरोपीय शैली पर आधारित है।

❖ **चन्द्रमहल- जयपुर**



- जयपुर के सात मंजिले चन्द्रमहल का निर्माण विद्याधर के द्वारा किया गया।
- चन्द्रमहल की साज - सज्जा मानसिंह द्वितीय ने जर्मन कलाकार ए.एच. मूलर से करवाई थी ।
- चन्द्रमहल की दूसरी मंजिल को सुख निवास कहते है। सवाई जयसिंह की रानी सुख कुंवर के नाम पर इसका नाम रखा गया है।
- चन्द्रमहल की तीसरी मंजिल को रंग मंदिर कहा जाता है।
- महल की चौथी मंजिल को शोभा निवास , पाँचवीं मंजिल को छवी निवास , छठी मंजिल को श्री निवास तथा सातवीं मंजिल को मुकुट मंदिर कहा जाता है।
- चन्द्रमहल के पास ही प्रीतम निवास तथा माधोनिवास सुन्दर महल हैं।
- चन्द्रमहल के पास जयनिवास उद्यान बना हुआ है।

## अध्याय – 2
## चित्रकला

**राजस्थानी चित्रकला का नामकरण**

- गांगुली व हैवल - राजपूत चित्रकला
- एन. सी . मेहता - हिंदु चित्रशैली
- रामकृष्णदास - राजस्थानी चित्रकला
- कपड़े पर मोम की परत चढ़ाकर चित्र बनाना वार्तिक कहलाता है।
- गोबर से बनाया गया पूजा स्थल साझी कहलाता है।
- अलंकृत करके बनाना मांडणा कहलाता है।
- लकड़ी पर किया जाने वाला चित्रण कावड़ कहलाता है।
- कागज पर बने विभिन्न देवी - देवताओं के चित्रण पाने कहलाते हैं।

❖ भौगोलिक और सांस्कृतिक आधार पर राजस्थानी चित्रकला को चार प्रमुख स्कूलों / शैलियों में बांटा गया है-

| मेवाड़ स्कूल | मारवाड़ स्कूल | ढूंढाड़ स्कूल | हाड़ौती स्कूल |
|---|---|---|---|
| उदयपुर, नाथद्वारा, चावण्ड, देवगढ़ | जोधपुर, बीकानेर, जैसलमेर, किशनगढ़, नागौर, अजमेर | आमेर, जयपुर, शेखावाटी, अलवर, करौली, उणियारा | बूँदी, कोटा, झालावाड़ |

INFUSION NOTES
ONLY THE BEST WILL DO

| **आँखों की बनावट** | **चित्र शैली** |
|---|---|
| तिरछी व चकोर के समान आँखे | नाथद्वारा शैली |
| मृग के समान आँखे | बीकानेर, कोटा शैली |
| बादाम के समान आँखे | जोधपुर शैली |
| मछली के समान आँखे | मेवाड़ शैली |
| कमल व खंजन के समान आँखे | किशनगढ़ शैली |
| बड़ी व मछली के समान आँखे | जयपुर, अलवर शैली |

### नारी सौंदर्य

- राजस्थानी चित्रकला शैली में नारी सुन्दरता की खान है।
- चित्रकला शैली में भारतीय नारी के आदर्श **सौंदर्य** की उसमें पूरी छटा है।
- राजस्थान चित्रकला ने भारतीय नारी के **सौंदर्य** को उभारने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। नायिकाओं के आभूषण, अंग प्रत्यंग, नासिका और नेत्रों के अंकन अत्यन्त कलापूर्ण चित्रित हुए हैं।

| **वृक्ष** | **चित्रशैली** |
|---|---|
| कदम्ब | उदयपुर (मेवाड़) शैली |
| केला | किशनगढ़(नाथद्वारा) शैली |
| खजूर | कोटा, बूंदी शैली |
| पीपल | अलवर, जयपुर शैली |
| आम | जोधपुर, बीकानेर शैली |

| **पशुपक्षी** | **चित्रशैली** |
|---|---|
| कौआ, चील, ऊँट, घोड़े | जोधपुर, बीकानेर शैली |
| हाथी व चकोर | उदयपुर शैली |
| गाय | नाथद्वारा शैली |
| मोर व घोड़ा | जयपुर,अलवर शैली |

| **शैली** | **रंग** |
|---|---|
| मारवाड़, देवगढ़, बीकानेर | पीला |
| नाथद्वारा | पीला-हरा |
| अजमेर | पीला-लाल-हरा-बेंगनी |
| किशनगढ़ | श्वेत, गुलाबी |
| मेवाड़ | पीला-लाल |
| कोटा | पीला-हरा-नीला |
| बूंदी | हरा |
| जयपुर | केसरिया, हरा, लाल |

### ललित कला के विकास से संबंधित प्रमुख संस्थाएं

❖ **ललित कला अकादमी -जयपुर**

- स्थापना 24 नवम्बर, 1957
- इस अकादमी का प्रमुख कार्य कलात्मक गतिविधियों का संचालन करना, कला प्रदर्शिनियों का आयोजन तथा कलाकारों को फैलोशिप प्रदान करना होता है
- राजस्थान की दृश्य तथा शिल्प कला की प्रवृत्तियों को प्रोत्साहन।
- राज्य में सांस्कृतिक एकता स्थापित करना।

| **चित्रकला के विकास हेतु कार्यरत संस्थाएं** | |
|---|---|
| **संस्था** | **स्थान** |
| चितेरा | जोधपुर |
| धोरां | जोधपुर |
| तूलिका कलाकार परिषद | उदयपुर |
| टखमण -28 | उदयपुर |
| कलावृत | जयपुर |
| पेंग | जयपुर |
| आयाम | जयपुर |
| क्रिएटिव आर्टिस्ट ग्रुप | जयपुर |
| अंकन | भीलवाड़ा |

❖ **राजस्थान स्कूल ऑफ आर्ट एण्ड क्राफ्ट्स- जयपुर**

- स्थापना -1857
- जयपुर महाराजा सवाई रामसिंह द्वितीय द्वारा स्थापित किया गया तब इसका नाम मदरसा-हुनरी था।
- स्वतंत्रता के बाद इसका नाम राजस्थान स्कूल ऑफ आर्ट एण्डक्राफ्ट्स हो गया ।
- वर्तमान में मूर्तिकला तथा चित्रकला से संबंधित डिप्लोमा करवाया जाता है।

❖ **जवाहर कला केन्द्र-जयपुर**

- स्थापना 8 अप्रैल, 1993
- इसके वास्तुकार चार्ल्स कोरिया थे।
- उद्घाटन -शंकर दयाल शर्मा (तत्कालीन राष्ट्रपति)
- राजस्थान की समृद्ध कला परम्परा के संवर्धन, लोक मानस में बिखरी सांस्कृतिक विरासत एवं मरुधरा की अनमोल धरोहर के संरक्षण हेतु ।

**मुख्य तथ्य-**

❖ **रामगोपाल विजयवर्गीय**

- जन्म-1905, बालेर (सवाई माधोपुर)।
- परम्परा वादी चित्रकार।
- सर्वाधिक प्रिय विषय नारी चित्रण।
- राजस्थान में एकल चित्रण प्रदर्शनी प्रारम्भ करने का श्रेय।
- राजस्थान स्कूल आर्ट के प्राचार्य रह चुके।
- राजस्थान के प्रथम चित्रकार जिन्हें वर्ष 1984 को पद्मश्री दिया गया था।

❖ **भूरसिंह शेखावत** (गाँव का चितेरा)

- जन्म-1914 धोंधलिया ग्राम (बीकानेर)।

# अध्याय – 6
# मेले एवं त्यौहार

## राजस्थान के प्रमुख मेले

### अजमेर के मेले

- **पुष्कर मेला** - यह मेला पुष्कर (अजमेर) में कार्तिक शुक्ल एकादशी से पूर्णिमा तक भरता है। यह राजस्थान का सबसे बड़ा सांस्कृतिक मेला/ सबसे बड़ा रंगीन/रंग बिरंगा / सर्वाधिक विदेशी पर्यटकों का आगमन वाला मेला है। ख्वाजा साहब का उर्स - यह उर्स अजमेर में रज्जब माह की । से 6 तारीख तक भरता है। अढ़ाई दिन के झोपड़े में ।
- **कल्पवृक्ष मेला** - यह मेला मांगलियावास (अजमेर) में श्रावण मास की हरयाली अमावस्या को भरता है।
- **कार्तिक पशु मेला** - यह पशु मेला पुष्कर (अजमेर) में कार्तिक शुक्ल 8 से मार्गशीर्ष 2 तक भरता है।

### अलवर के मेले

- **चंद्र प्रभु मेला** - यह मेला तिजारा, अलवर में फाल्गुन शुक्ला सप्तमी व श्रावण शुक्ला दशमी को भरता है।
- **नारायणी माता का मेला** - यह मेला बरवा डूंगरी सरिस्का (अलवर) में वैशाख शुक्ल एकादशी को भरता है।

  **हनुमानजी का मेला** - यह मेला पांडुपोल (अलवर) में भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी एवं पंचमी को भरता है।
- **भृर्तहरि मेला** - यह मेला भृर्तहरि (महान योगी भृर्तहरि की तपो भूमि) पर अलवर में भाद्रपद शुक्ला अष्टमी को भरता है। यह कनफटे नाथों की तीर्थस्थली है ।
- **बिलारी माता मेला** - बिलारी माता का यह मेला बिलारी (अलवर) में चैत्र शुक्ला अष्टमी को भरता है।

### बाड़मेर के मेले

- **रणछोड़राय का मेला** - यह मेला बाड़मेर जिले के खेड़ क्षेत्र में प्रतिवर्ष राधाष्टमी, माघ पूर्णिमा, बैशाख एवं श्रावण मास की पूर्णिमा व कार्तिक पूर्णिमा भादवा सुदी चतुर्दशी को भरता है।
- **मल्लीनाथ पशु मेला** - यह मेला बाड़मेर जिले के तिलवाड़ा क्षेत्र में चैत्र कृष्णा एकादशी से चैत्र शुक्ला एकादशी तक भरता है।
- **हल्देश्वर महादेव शिवरात्रि मेला** - यह मेला बाड़मेर जिले के पीपलूद ( छप्पन की पहाड़ियों के बीच यह मारवाड़ का लघु माउन्ट आबू है। ) में शिवरात्रि के अवसर पर भरता है।
- **रानी भटियाणी का मेला** - यह मेला बाड़मेर जिले के जसोल क्षेत्र में कार्तिक वदी पंचमी को भरता है।
- **नाकोड़ाजी का मेला** - यह मेला बाड़मेर जिले के नाकोड़ा तीर्थ मेवानगर में पोष कृष्ण दशमी को भरता है।
- **बजरंग पशु मेला** - यह मेला बाड़मेर जिले के सिणधरी क्षेत्र में मंगसर वदी तृतीया को भरता है।

### बीकानेर जिले के मेले

- **निर्जला ग्यारस मेला** - यह मेला बीकानेर जिले के लक्ष्मीनाथ मंदिर में ज्येष्ठ सुदी एकादशी को भरता है।
- **जम्भेश्वर मेला** - यह मेला बीकानेर जिले के मुकाम-तालवा (नोखा) में वर्ष में दो बार - फाल्गुन व आश्विन अमावस्या को भरता है।
- **नागणेची माता का मेला** - यह मेला बीकानेर जिले में नवरात्रा के अवसर पर भरता है।
- **चनणी चेरी मेला (सेवकों का मेला )** - यह मेला बीकानेर जिले के देशनोक में फाल्गुन शुक्ल सप्तमी को भरता है।
- **कपिल मुनि का मेला** - यह मेला बीकानेर जिले के श्री कोलायत जी में कार्तिक पूर्णिमा को भरता है।
- **करणी माता का मेला** - यह मेला देशनोक (बीकानेर) में नवरात्रा (कार्तिक एवं चैत्र माह में ) में भरता है।

### बांसवाड़ा जिले के प्रमुख मेले

- **घोटिया अम्बा मेला** - यह मेला बांसवाड़ा जिले के घोटिया (बारीगामा) नामक स्थान पर चैत्र अमावस्या को (जिले का सबसे बड़ा ग्रामीण मेला ) भरता है।
- **कल्लाजी का मेला** - यह मेला बांसवाड़ा जिले के गोपीनाथ का गढ़ा नामक स्थान पर आश्विन सुदी नवरात्रि प्रथम रविवार को भरता है।
- **अंदेश्वर मेला** - यह मेला बांसवाड़ा जिले के अंदेश्वर में कार्तिक पूर्णिमा को भरता है।
- **गोपेश्वर मेला** - यह मेला बांसवाड़ा जिले के घाटोल के निकट कार्तिक पूर्णिमा को भरता है।
- **मानगढ़ धाम मेला (आदिवासियों का मेला)** - यह मेला बांसवाड़ा के आनंदपुरी के निकट मानगढ़ धाम में मार्गशीर्ष पूर्णिमा को भरता है।

### चूरू जिले के मेले

- **भभूता सिद्ध का मेला** - यह मेला चूरू जिले के चंगोई (तारानगर) में भादवा सुदी सप्तमी को भरता है।
- **गोगा जी का मेला** - यह मेला चूरू जिले के दद्रेवा गांव में भाद्रपद कृष्णा नवमी (गोगानवमी) को भरता है।

- ***सालासर बालाजी का मेला*** - *यह मेला चूरू जिले के सालासर (सुजानगढ़) में चैत्र व कार्तिक पूर्णिमा को भरता है।*

***बारां जिले के मेले***

- ***सीताबाड़ी का मेला (धार्मिक व पशु मेला)*** - *यह मेला बारां जिले के सीताबाड़ी, केलवाड़ा (सहरिया जनजाति का कुम्भ) नामक स्थान पर ज्येष्ठ अमावस्या (इस मेले में सहरियाओं का स्वयंवर होता है ) को भरता है।*
- ***डोल मेला*** - *यह मेला बारां जिले के डोल तालाब पर जलझूलनी एकादशी (भाद्रपद शुक्ला एकादशी ) को भरता है। इसमें देवविमानों सहित शोभायात्रा निकलती है।*
- ***ब्रह्माणी माता का मेला*** - *यह मेला बारां जिले के सोरसन में भरता है। यहां पर गधों का मेला भी लगता है।*
- ***फूलडोल शोभा यात्रा महोत्सव (श्रीजी का मेला)*** - *यह मेला बारां जिले के किशनगंज में होली (फाल्गुन मास की पूर्णिमा ) के दिन भरता है।*
- ***कपिल धारा का मेला*** - *यह मेला सहरिया क्षेत्र (बारां) में कार्तिक पूर्णिमा को भरता है।*

***भरतपुर के मेले***

- ***गंगा दशहरा मेला*** - *यह मेला भरतपुर जिले के कामां क्षेत्र में ज्येष्ठ शुक्ल सप्तमी से द्वारदशी तक भरता है।*
- ***बसंती पशु मेला*** – *यह मेला माघ अमावस्या से शुक्ल पंचमी तक भरता है ।*
- ***गरुड़ मेला*** - *यह मेला भरतपुर जिले के बंशी पहाड़पुर में कार्तिक शुक्ल तृतीया को भरता है।*
- ***भोजन बारी/भोजन थाली परिक्रमा*** – *भाद्रपद शुक्ल पूर्णिमा को कामा में भरता है ।*
- ***जसवंत पशु मेला*** - *यह मेला भरतपुर जिले में अश्विन शुक्ल पंचमी से पूर्णिमा तक भरता है।*
- ***बृज महोत्सव*** – *यह मेला द्वादशी से माघ शुक्ल – डीग भरतपुर में भरता है ।*

***जयपुर के मेले***

- ***गणगौर मेला*** - *गणगौर मेला जयपुर में चैत्र शुक्ला तीज व चौथ को भरता है।*
- ***बाणगंगा मेला*** - *यह विराटनगर, जयपुर में वैशाख पूर्णिमा को भरता है।*
- ***शीतलामाता का मेला*** - *यह मेला चाकसू, जयपुर में चैत्र कृष्ण अष्टमी को भरता है।*
- ***गधों का मेला*** - *आश्विन कृष्ण सप्तमी से आश्विन कृष्ण एकदशी तक लुनियावास (सांगानेर) गांव में भरता है।*
- ***तीज की सवारी एवं मेला*** - *यह जयपुर में श्रावण शुक्ला तृतीया को आयोजित होता है।*

***भीलवाड़ा के मेले***

- ***सवाई भोज का मेला*** - *यह मेला भीलवाड़ा जिले के आसींद में सवाई भोज स्थान पर भाद्रपद शुक्ल अष्टमी को भरता है।*
- ***फूलडोल का मेला ( रामस्नेही सम्प्रदाय)*** - *यह मेला भीलवाड़ा जिले के रामनिवास धाम (रामद्वारा) में चैत्र कृष्णा प्रतिपदा से पंचमी तक भरता है।*
- ***तिलस्वां महादेव मेला*** - *यह मेला भीलवाड़ा जिले के तिलस्वां (मांडलगढ़) में शिवरात्रि फाल्गुन कृष्ण त्रयोदशी के अवसर पर भरता है।*
- ***सौंरत (त्रिवेणी) का मेला*** - *यह मेला भीलवाड़ा जिले के त्रिवेणी संगम सौंरत( मेनाल, मांडलगढ़) में शिवरात्रि के पर्व पर आयोजित होता है।*
